**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.09.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**प्रधानमंत्री–जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रोटी व जीवन रक्षक दवाओं जैसी ज़रूरी वस्तुओं पर कर पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो–स्लैब कर 22 सितंबर, यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को नवरात्रि के पहले दिन से ही लाभ मिलना शुरू हो जाएगा और इस बार धनतेरस और भी ज्यादा रौनक वाला होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में ''पंच रत्न'' को शामिल किया है।

**शिक्षक दिवस**

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मस्तिष्क को पोषित करने के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मजबूत और उज्जवल भविष्य की नींव है। प्रधानमंत्री ने प्रख्यात विद्वान और शिक्षक डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती पर उनके जीवन और विचारों को भी याद किया।

इस बीच प्रदेश में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम शिमला में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हुए अध्यापकों को सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जबकि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष रूप से इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार चल रही मानसून की भारी वर्षा के क्रम से आज लोगों को कुछ राहत मिली है। राज्य के कई इलाकों में आज बादलों के साथ हल्की धूप भी निकली हुई है। मौसम

खुलने से प्रदेश में राहत कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में कल हुई भूस्खलन की घटना में दबे हुए लोगों को ढूंढने के लिए आज सुबह से ही रैस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया है। मौजूदा मानसून सीजन में हुई भारी बारिश और भू–स्खलन जैसी घटनाओं में प्रदेश को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपए लगाया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में वर्षा जनित हादसों में अब तक 3 सौ 55 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 49 लोग अभी भी लापता है। भारी वर्षा व भू–स्खलन से अभी तक 5 हजार 2 सौ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें एक हजार से अधिक मकान पूरी तरह नष्ट हुए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कल 6 सितंबर से प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने की संभावना भी जताई गई है।

**भरमौर रैस्क्यू**

इस बीच प्राकृतिक आपदा के चलते भरमौर में फंसे मणिमहेश यात्रियों को रैस्क्यू करने के लिए अभियान आज और भी तेज कर दिया गया है। आज सुबह ही रैस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए पठानकोट से भारतीय वायुसेना के चिनूक हैलीकॉप्टर चंबा पहुंचे हैं जो भरमौर से यात्रियों को चंबा पहुंचाने का कार्य करेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा संवाददाता।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

- आज समाचार पत्रों ने मॉनसून से हो रहे नुकसान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और पंजाब केसरी की एक जैसी सुर्खी है **कुल्लू में भारी भूस्खलन–मलबे में दबे 10 लोग, एक की मौत, तीन बचाए गए।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है **हिमाचल में एक हजार 3 सौ 95 सड़कें अभी भी बंद, मानसून सीजन में अब तक 3 सौ 55 लोगों की मौत।**

- हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **ग्राम सभा की स्वीकृति के बिना शुरू हो सकेंगे मनरेगा के कार्य।**